राजभाषा के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से संगठन के सभी कार्यालयों में हिन्दी दिवस/हिन्दी सप्ताह/हिन्दी पखवाडा बडे ही हर्षोल्लास से मनाया गया ।

## कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पेसो, नागपुर

कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पेसो, नागपुर में 04 सितंबर 2012 से 18 सितंबर 2012 तक हिंदी पखवाडे का आयोजन किया गया जिसे कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने बडे ही उत्साह पूर्वक सहभाग लेकर सफल बनाया ।





हिन्दी पखवाडे का शुभारंभ 4 सितंबर को श्री टी. आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं राजभाषा अध्यक्ष, डा.संजीव कुमार गोयल, सचिव, नराकास एवं प्रधान वैज्ञानिक, नीरी, श्री पी.सी. श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, डा. एस. कमल, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, श्री रजनीश पिपलानी, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी, श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।

इस अवसर पर "पर्यावरण,राजभाषा और विकास" विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया था । यह कार्यशाला डा.संजीव कुमार गोयल द्वारा बडे ही प्रभावी रूप से संबोधित की गई और पर्यावरण को राजभाषा से नवप्रवर्तनशील तरीके से जोडकर प्रस्तुत किया जिसे बेहद सराहा गया





पखवाडे मे एक और हिन्दी कार्यशाला "हिन्दी पर क्षेत्रीय भाषाओं का प्रभाव" विषय पर श्री विजय कुमार झा, वरिष्ठ प्रबंधक (पी.आर.) प्राचार्य, प्रबंधन विकास संस्थान, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नागपुर द्वारा कार्यशाला संबोधित की गई ।

हिन्दी पखवाडे के अंतर्गत हिन्दी "पुस्तको की प्रदर्शनी" तथा प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई जिसमे हिन्दी टंकण, टिप्पण-आलेखण, निबंध, शब्द ज्ञान, सुलेख, चित्र पर आधारित कहानी लेखन, लोगों एवं पंच लाईन, अंताक्षरी आदि सम्मीलित है । सभी प्रतियोगीताओं में अधिकारियों व कर्मचारियों ने बडे उत्साह के साथ बढचढकर भाग लिया ।




मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय के निदेशानुसार कार्यालय के सभी तकनीकी अधिकारियों को इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में नामित किया गया । इस तरह हर एक अधिकारी एवं कर्मचारी का हिन्दी पखवाडे में योगदान रहा । हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे व्दारा पखवाडे के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं उससे जुडे सभी कार्यक्रमो का प्रबंधन एवं मंच संचालन किया गया ।

हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाडे का मुख्य समारोह शुक्रवार दि. 14.09.2012 को मनाया गया । राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी), नागपुर के निदेशक और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर के अध्यक्ष डा. सतीश वटेजी इस समारोह मे मुख्य अतिथी के रूप में आमंत्रित थे ।




इस अवसर पर सर्वप्रथम डा. सतीश वटेजी द्वारा कार्यालय के सभी अधिकारियो के साथ हिन्दी पुस्तको की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया । मान्यवरों द्वारा दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती के पूजन से हिन्दी दिवस समारोह मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । माँ सरस्वती की वंदना के पश्चात संगठन प्रमुख

श्री टी. आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा अतिथि महोदय का स्वागत किया गया तथा श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा अतिथि महोदय का परिचय कराया गया ।






तदुपरांत उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी श्री रजनीश पिपलानी द्वारा माननीय गृहमंत्री श्री सुशील कुमार शिंदेजी का संदेश अनुपालन हेतु पढकर सुनाया गया । इसके पश्चात हिन्दी अधिकारी द्वारा संगठन की भुमिका तथा राजभाषायी गतिविधियों, उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया । कार्यक्रम के अगले चरण में कार्यालय के विस्फोटक नियंत्रक श्री आशेन्द्र सिंह, द्वारा रविन्द्रनाथ ठाकूरजी की कविता के हिन्दी अनुवाद का पठन किया गया । तपश्चात कार्यालय के उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक श्री डी.के. गुप्ता, द्वारा स्वरचित हास्य व्यंग कविता बडे ही अनोखे अंदाज में सुनाई गई जिससे हँसी के ठहाके लगे ।

इस अवसर पर श्री पी.सी. श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ने अपने संबोधन में बताया कि पखवाडा में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के परिक्षक के नाते उन्हे इस प्रतियोगिता के एक विषय "बेटी बचाओ अभियान" में लिखे गए निबंधो ने बेहद प्रभावित किया और उन्होने सभी से इस अभियान को जारी रखने का आवाहन किया ।






इस समारोह में मंचासीन महानुभावो द्वारा संगठन की गृह-पत्रिका विस्फोटक दर्पण – अंक 12 का विमोचन किया गया । पत्रिका में संगठन के मुख्यालय तथा सभी अंचल/उप-अंचल कार्यालयो से रचनाएं प्राप्त हुई जिसमें तकनीकी लेख, संगठन का इतिहास, राजभाषा से संबंधित लेख, आदि शामिल हैं ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ सतीश वटेजी ने अपने अनोखे अंदाज का परिचय देते हुए सभा में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को 'नराकास के साथियों' संबोधित किया । उन्होने कहा कि यह संगठन न केवल सेफ्टी विजीलंट हैं बल्की यहां संवेदनशीलता भी व्यंग्य तथा कहानी, आदि के माध्यम से उभरती नजर आती है । उन्होने पेसो द्वारा नागपुर को राष्ट्रीय नक्शे पर ले जानेवाला तथा नराकास, नागपुर के सदस्य कार्यालयों में से प्रथम पाँच कार्यालयों में से एक बताया । उन्होने कहा कि पेसो, जो आम जनता

की सुरक्षा का दायित्व लिए है, इनके हाथो में राजभाषा सुरक्षित हैं और संगठन के पास वह शक्ति हैं कि पूरे देश में हिन्दी का प्रचार किया जा सकता है ।

उन्होने कहा कि "हिन्दी बेहद नम्र भाषा हैं इसका प्रयोग हम सभी को गर्व से करना चाहिए" और आवाहन किया " दिल से बात करो, हिन्दी में बात करो , हिन्दी हमे नम्रता सिखलाती हैं ।






इसके पश्चात श्री टी.आर. तोमस, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक ने सभा को संबोधित करते हुए संगठन में किए जा रहें कंप्युटराइजेशन के तहत विभिन्न अनुज्ञप्तियों के द्विभाषी मॉड्युल्स, यूनीकोड के प्रयोग आदि की जानकारी दी तथा एसएमपीवी द्विभाषी मॉड्युल के लांचींग की घोषणा की । उन्होने पेसो की एक और उपलब्धी 'ऑनलाईन एक्सप्लोझिव द्विभाषी रिटर्न सबमिशन' इंडेंट -आर ई- 11 व पास आर ई -12 की भी जानकारी दी ।









इसके पश्चात अतिथि महोदय द्वारा पखवाडे के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं सरकारी कामकाज (टिप्पण /आलेखण) मूल रूप से हिन्दी में करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए ।






कार्यक्रम का समापन श्री वी.बी. मिन्ज, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव तथा राष्ट्रगान से हुआ ।

## कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, आगरा में दिनांक 31.08.2012 को हिन्दी पखवाड़ा का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर **"पेसो में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग"** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । पखवाड़ा उदघाटन समारोह में कार्यालयाध्यक्ष श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक की अध्यक्षता में एक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें कार्यालय के समस्त उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया । हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया ।

हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया एवं दिनांक 19.09.2012 को पुरस्कार वितरण के साथ पखवाड़ा का समापन किया गया ।

श्रीमती श्रावणी गांगुली, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, दिनांक 18.09.2012 को एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, आगरा में राजभाषा ज्ञान, टिप्पणी आलेखन प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में उपस्थित हुई। एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, आगरा में आयोजित अन्तर्कार्यालयीन निबन्ध प्रतियोगिता में दिनांक 19.09.2012 को श्री मदन मोहन गुप्ता, निम्न श्रेणी लिपिक ने भाग लिया ।

श्री कैलाश कुमार, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं श्री एम० आई० जेड० अन्सारी, विस्फोटक नियंत्रक (राजभाषा अधिकारी ) ने दिनांक 27.09.2012 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, आगरा की 62वीं छमाही बैठक में भाग लिया । इसी अवसर पर एसटीसी ऑफ इण्डिया लिमिटेड, आगरा द्वारा दिनांक 19.09.2012 को आयोजित अन्तर्कार्यालयीन निबन्ध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी किया गया । समारोह में, इस कार्यालय के प्रतिभागी श्री मदन मोहन गुप्ता, निम्न श्रेणी लिपिक को द्वितीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद



श्री शैलन्द्र कुमार सिंहउप निदेशक (कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय का श्री आर.सी.कौल, संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक स्वागत करते हुए ।

कार्यालय संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियन्त्रक, उत्तरी अंचल, फरीदाबाद में राजभाषा हिन्दी के संवर्धन, अधिकाधिक प्रयोग एवं प्रचार प्रसार हेतु वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 07.09.2012 से दिनांक 21.09.2012 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया । पखवाडे के शुभारम्भ एवं हिन्दी कार्यशाला के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, उप निदेशक (कार्यान्वयन) उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, (उत्तर-1), गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, ए 149 , सरोजिनी नगर, नई दिल्ली को आमंत्रित किया गया । पखवाड़े का शुभारम्भ करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने हिन्दी कार्यशाला को सम्बोधित किया । श्री सिंह ने कार्यालय में हिन्दी में किए जा रहे कामकाज पर भी

दृष्टिपात किया और संतोष व्यक्त किया कि इस कार्यालय में हिन्दी का प्रयोग उत्तरोत्तर उन्नति की ओर अग्रसर है । पखवाड़े के दौरान विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई एवं विजेताओं को नकद राशि के रूप में पुरस्कार वितरित किए गए । कार्यालयाध्यक्ष श्री आर.सी. कौल की अध्यक्षता एवं राजभाषा अधिकारी डा. संजय कुमार सिंह, उप विस्फोटक नियंत्रक के कुशल संचालन, मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में हिन्दी पखवाड़ा पूर्णतया सफल एवं रूचिकर रहा ।

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, दक्षिण अंचल, चेन्नई

संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, दक्षिण अंचल, चेन्नई कार्यालय में हिन्दी सप्ताह दिनांक 14.09./2012 से 21.09.2012 तक मनाया गया । सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न् प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जैसे – स्लोगन, निबंध, पोस्टर, टिप्पण आलेखण, सुलेख, आदि और विजेताओ को पुरस्कार वितरित किए गए । अधिकतम कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया । सप्ताह के समापन के अवसर पर "कार्यालयीन कार्य में राजभाषा कार्यान्वयन" विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पूर्वांचल, कोलकाता




संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पूर्वांचल, कोलकाता कार्यालय में हिन्दी सप्ताह दिनांक 07.09.2012 से 14.09.2012 तक मनाया गया । सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न् प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया विजेताओ को पुरस्कार वितरित किए गए ।

## संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पश्चिम अंचल, मुंबई

संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, पश्चिम अंचल, मुंबई कार्यालय में हिन्दी सप्ताह दिनांक 07.09./2012 से 14.09.2012 तक मनाया गया । सप्ताह के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डा. सुनिता यादव, सहायक निदेशक, न.रा.का.स., नवी मुबई ने कार्यालय में हिन्दी कार्य की प्रतिशतता बढने पर संतोष जताया तथा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न् प्रतियोगिताओ के विजेताओ को पुरस्कार वितरित किए ।

## कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक आसनसोल

उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक आसनसोल कार्यालय में दिनांक 12 सितम्बर से 20 सितम्बर 2012 तक हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया । राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) अन्तर्गत सप्ताह के दौरान राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया । मुख्य अतिथि श्री बिनोद कुमार श्रीवास्तव उप महाप्रबंधक (कार्मिक) गैर संकाय व हिन्दी, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, बर्नपूर द्वारा प्रतियोगिताओं में सफल हुए प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किया गया ।

कार्यालय के श्री एस.एन.दास, वरिष्ठ श्रेणी लिपिक ने दिनांक 12.09.2012 को आयोजित बर्नपुर आसनसोल न.रा.का.स. द्वारा आयोजित हिन्दी यूनिकोड पर एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला में भाग लिया ।

## कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, भुवनेश्वर

कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, भुवनेश्वर में हिन्दी सप्ताह दि. 07.09.2012 से 14.09.2012 तक मनाया गया तथा इसके अंतर्गत विभिन्न् प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया ।

## कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक इलाहाबाद

उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक इलाहाबाद कार्यालय में दिनांक 10 सितम्बर से 24 सितम्बर 2012 तक हिन्दी पखवाडा का आयोजन किया गया । दि 24.09.2012 को सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि श्री पी सी मिश्रा, सहायक निदेशक व सचिव नराकास, इलाहाबाद द्वारा विधिवत उदघाटन किया गया तथा एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यालय के वाहन चालन श्री रमेश कुमार द्विवेदी द्वारा सरस्वती वंदना का पाठ किया गया । इसके पश्चात कार्यालय प्रमुख द्वारा राजभाषा हिन्दी में किये जा रहे कार्य एवं अतिथि महोदय के सहयोग की चर्चा की और यह आशा व्यक्त की, कि उनका सहयोग हमेशा की तरह मिलता रहेगा ।

तत्पश्चात श्री ए.के. मेहता वि.नि./राजभाषा अधिकारी द्वारा तिमाही में कार्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया तथा पखवाडे के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों की घोषणा की । मुख्य अतिथि महोदय द्वारा अपने संबोधन में हिन्दी वर्तनी के बारे में बहुत उपयोगी जानकारी दी । सभा का संचालन श्री डी.के. शुक्ल द्वारा किया गया ।

## कार्यालय उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक रांची

उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक रांची कार्यालय में दिनांक 3.9.12 से 18.9.2012 तक हिन्दी पखवाडा मनाया । पखवाडे के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओ हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में आमंत्रित मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार दूबे, सहायक निदेशक, कार्यालय केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, रांची द्वारा राजभाषा नीति के लागू होने तथा कार्यालय में होने वाले कामकाज एवं कार्यान्वयन की जानकारी दी । कायर्क्रम का संचालन हिन्दी अधिकारी डा.ए.के. दलेला उप.वि.नि. ने किया ।

## कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, देहरादून









कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, देहरादून में दिनांक 07.09.2012 – 21.09.2012 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया एवं इसके अन्तर्गत निबन्ध, वाद-विवाद, सुलेख आदि विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं । सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूर्ण उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाया ।

श्री कैलाश कुमार,सं० मु० वि० नि० आगरा की उपस्थिति में दिनांक 14/15.09.2012 को कार्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया ।  इस अवसर पर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करने का संकल्प लिया गया ।

कार्यालय में दिनांक 18.09.2012 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डा० (श्रीमती) आर० आर० गुप्ता, वि० नि० ने पावर पोएन्ट के माध्यम से पेट्रोलियम (संशोधन) नियम 2011 विषय पर प्रस्तुति दी गई । डा० विवेक कुमार, उप-वि० नि० देहरादून ने दिनांक 04.07.2012 को सर्वे ऑफ इण्डिया, देहरादून में आयोजित न० रा० का० स० देहरादून की छमाही बैठक में भाग लिया ।

## कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, रायपूर

कार्यालय  विस्फोटक नियंत्रक, रायपूर में हिन्दी पखवाडा दि. 14.09.2012 से 28.09.2012 तक मनाया गया तथा इसके अंतर्गत विभिन्न् प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया ।

## कार्यालय विस्फोटक नियंत्रक, वर्धा

कार्यालय  विस्फोटक नियंत्रक, वर्धा में हिन्दी सप्ताह दि. 14.09.2012 से 21.09.2012 तक श्री सी.जी. कलंभे, वि.नि. के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक मनाया गया ।  इसके अंतर्गत विभिन्न् प्रतियोगिताओं का आयोजन कर पुरस्कार भी वितरित किए गए ।